प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में विमान दुर्घटना स्थल का दौरा कर शीर्ष अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक : सिविल अस्पताल पहुंचकर घायलों का जाना हाल।
2. प्रदेश भर में अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि : दुर्घटना में जान गंवाने वालों में आगरा के लवानिया दम्पत्ति भी शामिल।
3. मानसून में सैलानी ले सकेंगे दुधवा नेशनल पार्क में सफारी का आनंद : इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पहली बार बरसात में खुलेगी मोहम्मदी रेंज।

और

4. राज्य के अधिकांश ज़िलों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी : मौसम विभाग ने 16 जून से बारिश का जताया अनुमान।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह अहमदाबाद के सिविल अस्पताल पहुंचकर एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद में हुए हवाई हादसे से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवदना व्यक्त की। श्री मोदी ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा

किया और वहां पर बचाव कार्यों में लगे अधिकारियों और अन्य लोगों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। बाद में प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। वे हादसे में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के परिजनों से भी मिले। प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में बचे एक मात्र यात्री भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक विश्वास कुमार रमेश से अस्पताल जाकर मुलाकात की। विश्वास ने दुर्घटना से जुडे अनुभव के बारे में प्रधानमंत्री को बताया। श्री रमेश ने अपना दर्दनाक अनुभव प्रसार भारती संवाददाता के साथ साझा किया। बाइट.....

*वो मेरे नज़रों के सब सामने ही हुआ था, मेरे खुद को भी बिलेव नहीं हुआ था कि मैं कैसे उसमें से जिन्दा बाहर निकला। क्योंकि थोड़ा टाइम के लिए के तो मेरे को लगा था कि मैं भी मरनं हीं वाला हूँ। लेकिन जब मेरे आँख खुल के लिए मैं देखा मेरे नज़रों के सामने एयर होस्टेज और दूसरे आंटी अंकल सभी उसमें मेश हो गये सभी टेक अप के बाद एक मिनीट के अंदर ही जब टेक अप हुआ ना तो सड़न्टली तो पाँच दस सेकंड कैसे लगा जैसे स्ट्राक हो गया वो बाद मे मेरे लगा कि कुछ हुआ।*

दुर्घटना में मारे गए लोगों के शव पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंपे जा रहे हैं। गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना स्थल से एक डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर बरामद किया है। वहीं पुलिस ने ब्लैक बॉक्स की बरामदगी की पुष्टि कर दी है। इस बीच, सिविल अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने बताया कि इस समय अस्पताल में 32 लोगों का इलाज चल रहा

है। कुछ डॉक्टर गंभीर रूप से झुलसे हैं, उन्हें छोड़कर बाकी सभी की हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि घायलों के स्वास्थ्य में शीघ्र सुधार के लिए अस्पताल में सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं।

अहमदाबाद में कल हुए विमान हादसे में आगरा जिले के अकोला गांव के नीरज लवानिया और उनकी पत्नी अपर्णा लवानिया की भी मृत्यु हो गई है। नीरज लवानिया वडोदरा स्थित एक निजी कंपनी में काम करते थे। वह अपनी पत्नी अपर्णा लवानियां के साथ लंदन यात्रा पर जा रहे थे। सांसद राजकुमार चाहर ने अकोला पहुंचकर उनके परिजनों को सांत्वना दी और हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। बाइट....

*देखिए अकोला के रहने वाले हमारे नीरज लवानिया और उनकी धर्मपत्नी अर्पना लवानिया ये लोग गुजरात के वड़ोदरा में रहते थे और वहाँ पे एसी नसन करके एक कंपनी है उसमें मैनेजर थे एक अच्छी पोस्ट पे थे। दोनों पति पत्नी जो प्लेन क्रैश होने की जो बड़ी दुखद दुर्घटना की सूचना पूरे देश भर के लोगों को मिली है। पूरा देश स्तब्ध है पूरा देश शोकग्रस्त भी है घटना को लेके सब लोग दुखी है उस लिस्ट में ये लोग थे जो जाने वालों की लिस्ट थी।*

—————————

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आज अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। काशी के सिद्धेश्वरी स्थित महर्षि योगी वेद विज्ञान विद्यापीठ में नमामि गंगे संस्था ने बटुकों के साथ वैदिक

मंत्रोचार के साथ शांति पाठ किया और मृतकों के परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। अमरोहा में बड़ी तादाद में लोगों ने मृतकों के लिए दो मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। कुशीनगर में बौद्ध भिक्षुओं ने प्लेन क्रैश में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के अध्यक्ष खालिद रशीद फरंगी महली ने बताया कि लखनऊ में आज जुमे की नमाज के बाद हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के लिए लिए विशेष दुआ की गई। बाइट....

*हम अहमदाबाद में जो कल इतना बड़ा हाथसा हुआ है प्लेन क्रैश हुआ है उसमें जो लोग मारे गए हैं उनके घरवालों के साथ हम लोग अपनी पूरी हमदर्दी का इधार करते हैं और उनके घरवालों को ऊपरवाला सर्ब अता फरमाये इसकी भी हम लोग दुआ करते है।*

——————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मथुरा–वृंदावन और कानपुर महानगर के लिए तैयार 'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मथुरा और कानपुर में जनपद और मंडल स्तरीय सभी सरकारी कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थापित करने के लिए दोनों शहरों में इंटीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराने के निर्देश दिए। पेश है एक रिपोर्ट....

*मुख्यमंत्री ने इन परिसरों में अधिवक्ताओं के लिए उपयुक्त चैम्बर, पार्किंग की समुचित व्यवस्था, भोजनालय और अन्य नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इंटीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स प्रशासनिक कार्यों की सुगमता तो बढ़ाएंगे ही, साथ ही आमजन को अनेक कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विजन डॉक्यूमेंट में सम्मिलित परियोजनाओं की प्राथमिकता तय कर समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं को कन्वर्जेंस मॉडल पर लागू किया जाना है, उनके लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

——————

भारतीय सेना 26 जुलाई को छब्बीसवां कारगिल विजय दिवस समारोह मनायेगी। इसी कड़ी में सेना की ओर से घर–घर शौर्य सम्मान महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। इसके अंतर्गत कारगिल के शहीदों के घर जा कर उनके परिजनों को सम्मान पत्र और स्मृति चिह्न भेंट किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सेना के जवानों ने वीर चक्र से सम्मानित मेरठ के शहीद सीएचएम यशवीर सिंह के

परिवार के मुलाकात की और उनकी पत्नी मुनेश देवी को सम्मानित किया। शहीद यशवीर सिंह के बेटे पंकज तोमर ने कहा कि सेना द्वारा शहीदों के परिवार का सम्मान किया जाना सराहनीय कदम है। बाइट....

*काफी अच्छा लगा की हाँ की कारगिल की तरफ से आज हमारे पास जवान आए है पूछने की हाँ उनकी फैमिली में क्या चल रहा है क्या नहीं चल रहा तो अच्छी चीज़ यही हर फैमिली के पास जाता है तो उनका थोड़ासा उत्साह भी बढ़ता है। उन्हें ये भी लगता है की हाँ हमारा परिवार है क्योंकि आर्मी के जो लोग होते हैं हमें लगता है की हाँ हमारा परिवार वही है।*

——————

इस वर्ष दुधवा नेशनल पार्क के मोहम्मदी रेंज को मानसून सीजन में भी पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है। प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि दुधवा नेशनल पार्क का बाकी क्षेत्र 15 जून से चार महीने के लिए मानसून के कारण बंद हो जाता है, पर इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए मोहम्मदी रेंज को इस बार बारिश के मौसम में भी खोला जाएगा। पेश है एक रिपोर्ट....

*दुधवा नेशनल पार्क के मोहम्मदी रेंज में 24 किलोमीटर लंबा सफारी ट्रैक है, जिसमें 25 से अधिक बाघों के साथ–साथ हिरण, नीलगाय सहित अन्य जीवों की आबादी है। बारिश में यहां आने वाले पर्यटक जंगल को सबसे अधिक हरे–भरे रूप में देख सकेंगे। उत्तर प्रदेश इको–टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की इस नई पहल का मकसद पर्यटकों को बारिश के मौसम में जंगल की अनदेखी और अद्‌भुत खूबस्रती से रूबरू कराना है। वन विभाग ने पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। पर्यटक लोकप्रिय विस्टाडोम कोच का भी आनंद ले*

*सकते हैं, जो बिछिया से चलकर 107 किलोमीटर का खूबसूरत सफर तय कर मैलानी स्टेशन तक जाती है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

\-\-\-\-\-\-\-\-\-

वाराणसी में आज से योग मैराथन का शुभारंभ हो गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य योग के प्रति लोगों को जागरूक करना और योग से समाज को जोड़ना है। वहीं गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में 15 जून से 21 जून तक योग शिविर और शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

\-\-\-\-\-\-\-\-\-

प्रदेश के पश्चिमी इलाके के बदायूं, पीलीभीत, अमरोहा और आसपास के ज़िलों में आज हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। हालांकि राज्य के अधिकांश ज़िलों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटे में पूरे प्रदेश में गर्मी और लू का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया कि 16 जून से प्रदेश मे बारिश का सिलसिला शुरू होगा और तापमान में गिरावट आएगी। बाइट....

*15 जून से स्थिति में सुधार आना शुरू होगा तथा 16 जून से पूर्व उतर प्रदेश से बारिश का एक नया दोर शुरू होगा, जो*

*धीरे–धीरे पश्चमी उतर प्रदेश की ओर बढ़ेगा इसी क्रम में 17, 18 और 19 जून को पूर्व उतर प्रदेश में कहीं–कहीं भारी बारिश तथा 19 जून को पश्चमी उतर प्रदेश में कहीं–कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।*

(समाप्त)